University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव
100 Years 1920 - 2020

प्रो अमिता बाजपेयी
राज्य समन्वयक, जेईई बी.एड. 2020
Prof Amita Bajpai
State Coordinator, JEE B.Ed. 2020

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

प्रेस नोट

दिनाँक : 05.08.2020

आगामी 09 अगस्त 2020 को आयोजित होने वाली, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020–22 के सभी अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रवेश–परीक्षा दो पालियों में, प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:00 बजे से 12:00 बजे तक व द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:00 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपने परीक्षा केंद्र पर, परीक्षा आरंभ होने के कम से कम एक घण्टा पूर्व रिपोर्ट करें।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात, यथा : टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें इत्यादि दिनाँक 08 व 09 अगस्त 2020 को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश–पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है।

प्रत्येक परीक्षार्थी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, प्रत्येक परीक्षा–केंद्र पर परीक्षा–कक्षों तथा फर्नीचर इत्यादि को परीक्षा के एक दिन पूर्व ही सेनेटाइज कराने की व परीक्षा के दिन, प्रत्येक परीक्षार्थी/कक्ष–निरीक्षक एवम परीक्षा से सम्बंधित हर व्यक्ति का इन्फ्रारेड थर्मामीटर द्वारा शारीरिक तापमान मापने तथा मास्क लगाकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक परीक्षा–केंद्र पर सेनेटाइजेशन की प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए, इस कार्य हेतु समर्पित, व इस कार्य हेतु उत्तरदायी एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए, प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए सेनेटाइजर, हैंडवाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों के अंगुलियों के चिह्न लेने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग अलग डिस्पोजेबल स्ट्रिप की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसी को भी दूसरे की स्पर्श की गई स्ट्रिप छूने की आवश्यक्ता न पड़े।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा व सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करें व अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा हेतु परीक्षा केंद्र पर अपना मास्क, सैनिटाइजर, पानी तथा आवश्यतानुसार अपने खाने–पीने की सामग्री अपने साथ लेकर जाएँ, जिससे उन्हें कोई असुविधा न हो।

समस्त परीक्षार्थियों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

भवदीया,

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020